प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
13.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

बागवान–बैठक

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि न्यूज़ीलैंड से आयात किए जाने वाले सेब पर आयात शुल्क घटाने का मामला केंद्र सरकार के समक्ष उठाया जाएगा। उन्होंने आज शिमला में बागवानों के प्रतिनिधियों और प्रगतिशील बागवानों के साथ हुई बैठक में बताया कि आयात शुल्क घटाने से बागवानों के हितों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेब प्रदेश की आर्थिकी की प्रमुख संसाधन है और इसका संरक्षण व संवर्धन राज्य सरकार की प्राथमिकता है। बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी इस दौरान मौजूद रहे।

मंज़ूरी

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय ने ऊना ज़िले के पंडोगा में एम.एस.एम.ई. टैक्नोलॉजी सैंटर स्थापित करने को मंजूरी दी है। इसका निर्माण करीब 10 करोड़ रूपये की लागत से किया जाएगा। इसके अलावा परवाणू में भी टैक्नोलॉजी सैंटर स्थापित करने को मंज़ूरी मिली है। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि इन टैक्नोलॉजी सैंटर्स के स्थापित होने से राज्य में औद्योगिक विकास को नई दिशा मिलेगी। इससे जहां औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा, वहीं रोज़गार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने परवाणू में एम.एस.एम.ई. टैक्नोलॉजी सैंटर को केंद्र सरकार की बड़ी सौगात बताया है। उन्होंने कहा कि इस केंद्र से सूक्ष्म व लघु उद्योगों को अधिक बढ़ावा मिलेगा और छोटे व्यापारियों को भी इसका सीधा लाभ होगा।

विक्रमादित्य सिंह

प्रदेश में क्षतिग्रस्त सड़कों की मुरम्मत के लिए 2 नई आधुनिक तकनीकों का पायलट प्रयोग शुरू किया गया है। शुरूआत में इन तकनीकों का प्रयोग शिमला के साथ लगती शोघी–मैहली सड़क पर किया जा रहा है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला में बताया कि इन तकनीकों से सड़कें अधिक मज़बूत होने के साथ–साथ भारी यातायात के लिए भी सक्षम होंगी। इसके अलावा इन तकनीकों से बनी सड़कों के करीब 10 साल तक खराब न होने की उम्मीद है।

आरोप

भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने प्रदेश में जलशक्ति विभाग में करीब 36 करोड़ रूपये की पाईप खरीद मामले में अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। नाहन में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पाईप खरीद में आवश्यक निविदाओं को पारदर्शिता के साथ नहीं किया गया, जिससे बड़े स्तर पर घोटाला हुआ है। सुरेश कश्यप ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

ग्राम सभा

प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में 21 व 22 जनवरी को एंटी चिट्टा ग्राम सभा आयोजित की जाएगी। इन सभाओं में चिट्टा से जुड़ी सूचनाओं की समीक्षा और इसमें फंसे युवाओं के पुनर्वास सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला में एक बैठक में बताया कि चिट्टा के दुष्प्रभावों से लोगों को जागरूक करने के लिए प्रदेशव्यापी जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आने वाले समय में राज्य में एंटी चिट्टा अवेयरनेस स्पोर्टस टूर्नामेंट भी करवाए जाएंगे।

कांगड़ा चाय

धर्मशाला स्थित चाय बागानों से उत्पादित होने वाली कांगड़ा चाय के उत्पादन में वर्ष 2025 में कमी दर्ज की गई है। धर्मशाला चाय उद्योग के प्रबंधक अमन पाल सिंह ने बताया कि वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2025 में कांगड़ा चाय के उत्पादन में 3 हज़ार किलोग्राम तक की कमी आई है। हालांकि बरसात के दौरान उत्पादन में वृद्धि हुई लेकिन उत्पादन घटने के पीछे प्रमुख कारण मौसम की बेरूखी माना जा रहा है।

मौसम

प्रदेश में शीतलहर जारी है और ऊपरी इलाकों में कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे बना हुआ है। मैदानी इलाकों में भी घने कोहरे के चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने 15 जनवरी तक मौसम के साफ बने रहने की संभावना जताई है। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि 16 से 18 जनवरी तक ऊपरी इलाकों में वर्षा व हल्का हिमपात हो सकता है।

———————————————————————————